देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 31.05.2026

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में भीषण गर्मी के मौजूदा मौसम के दौरान अत्यधिक सावधानी बरतने और सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील की है।
- केदारनाथ धाम यात्रा ने इस वर्ष नया इतिहास रचा, मात्र 39 दिनों में 10 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं।
- अल्मोड़ा के जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने जागेश्वर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। पर्यटकों की सुविधाओं की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।
- मौसम विभाग ने पर्वतीय क्षेत्रों सहित कई जिलों में बारिश, आंधी–तूफान और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से भीषण गर्मी के मौजूदा मौसम के दौरान अत्यधिक सावधानी बरतने और सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील की है। आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में उन्होंने लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और धूप से बचाव के उपाय करके ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी।

श्री मोदी ने कहा कि गर्मी से राहत के लिए आम पन्ना, छाछ, लस्सी, सत्तू, शरबत, बेल पन्ना, पनाकम, नीर मोर, सांभरम, कोकम शरबत और सोल कढ़ी का सेवन करना उपयोगी है। उन्होंने कहा कि ये पेय पदार्थ 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को दर्शाते हैं और इनमें पीढ़ियों का अनुभव समाहित है।

प्रधानमंत्री ने नीदरलैंड्स की अपनी हाल की यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि नीदरलैंड्स सरकार ने चोलकालीन ताम्र–पट्टिकाएं भारत को लौटाई हैं। इससे दुनिया भर के तमिल समुदाय विशेष उत्साह है। उन्होंने कहा कि ये पट्टिकाएं चोल साम्राज्य की समुद्री ताक़त और दक्षिण–पूर्व एशियाई देशों के साथ उनके संबंधों को दर्शाती हैं।

केदारनाथ

केदारनाथ धाम यात्रा ने इस वर्ष नया इतिहास रच दिया है। 22 अप्रैल को कपाट खुलने के बाद से 30 मई तक मात्र 39 दिनों में 10 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अब तक 10 लाख 497 श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंचकर पूजा–अर्चना कर चुके हैं।

देश–विदेश से बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालुओं के कारण इस वर्ष यात्रा ने नए रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। यह उपलब्धि यात्रा मार्ग और धाम क्षेत्र में की गई व्यवस्थाओं की प्रभावशीलता और श्रद्धालुओं की गहरी आस्था को भी दर्शाती है।

रुद्रप्रयाग की पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने बताया कि श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुरक्षा और सुगम दर्शन के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। पार्किंग, यातायात प्रबंधन, पैदल यात्रा मार्ग और केदारनाथ धाम परिसर में व्यवस्थाओं को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है।

जागेश्वर

अल्मोड़ा के जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने कल जागेश्वर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पर्यटकों की सुविधाओं और व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने पनुवानौला में बिखरे पड़े कूड़े पर नाराजगी जाहिर की तथा कूड़े के समुचित प्रबंधन के लिए संबंधितों को दिशा निर्देश दिए। यहां उन्होंने पार्किंग की आवश्यकता पर बल देते हुए संबंधितों को कहा कि पार्किंग के लिए उपयुक्त भूमि की तलाश की जाए। इसके बाद जिलाधिकारी ने अर्तोला पार्किंग में यातायात व्यवस्था तथा साफ सफाई आदि की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा कहा कि जागेश्वर धाम में बढ़ती पर्यटकों की संख्या के दृष्टिगत पार्किंग व्यवस्थाओं को विस्तृत किया जाना आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कहा कि अर्तोला पार्किंग को मल्टी स्टोरी पार्किंग के रूप में विस्तारित करने के लिए आगणन बनाकर प्रस्तुत करें। उन्होंने यहाँ कूड़ा प्रबंधन और शौचालयों की नियमित साफ सफाई करने के निर्देश दिए।

मौसम

प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। मौसम विभाग ने पर्वतीय क्षेत्रों सहित कई जिलों में बारिश, आंधी–तूफान और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। देहरादून, टिहरी, नैनीताल, चम्पावत, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं भारी वर्षा होने की संभावना जताई गई है। देहरादून समेत राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में आज सुबह से ही हल्की बूंदाबांदी का दौर जारी है। कल रात से शुरू हुई बारिश आज सुबह तक रुक–रुक कर जारी रही। वर्षा के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। उधर मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार रुद्रप्रयाग जिले में भारी वर्षा, आंधी–तूफान एवं अन्य प्रतिकूल मौसम गतिविधियों की प्रबल संभावना व्यक्त करते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। संभावित आपदा परिस्थितियों को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है।

जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक एहतियाती एवं सुरक्षात्मक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

सीडीएस

नव–नियुक्त प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) लेफ्टिनेंट जनरल एन. एस. राजा सुब्रमणि को आज नई दिल्ली स्थित साउथ ब्लॉक लॉन्स में 'गार्ड ऑफ़ ऑनर' दिया गया। उन्होंने राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्पांजलि

भी अर्पित की। सीडीएस लेफ्टिनेंट जनरल एन. एस. राजा सुब्रमणि ने कहा कि नवाचार के समावेश से सैन्य क्षमताओं के विकास में तेज़ी आएगी। उन्होंने आज कहा कि सशस्त्र बलों, उद्योग, शिक्षा जगत, स्टार्टअप और अनुसंधान तंत्र के बीच तालमेल से आधुनिकीकरण को बल मिलेगा। जनरल सुब्रमणि ने कहा कि सशस्त्र बलों ने लगातार अपनी पेशेवर दक्षता और अभियानों को निष्कर्ष तक पहुंचाने में अपनी कुशलता का प्रदर्शन किया है और वे राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

चमोली

चमोली जिले में बद्रीनाथ धाम और हेमकुंड साहिब की यात्रा इन दिनों चरम पर है। दोनों पवित्र धामों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। विशेष रूप से बद्रीनाथ धाम में प्रतिदिन लगभग 30 हजार श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। यात्रा के बढ़ते दबाव के बीच बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर ज्योतिर्मठ से मारवाड़ी के बीच क्षतिग्रस्त सड़क और मरम्मत कार्य के चलते यातायात प्रबंधन चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। सड़क के कुछ हिस्सों में ऊंचे–नीचे स्तर और भारी वाहनों की आवाजाही के कारण बीच–बीच में वाहनों के खराब होने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। ऐसी स्थिति में चमोली पुलिस ने प्रभावी गेट सिस्टम लागू किया है। चमोली जिले के पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने कहा है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित कुछ तस्वीरों को जाम की स्थिति बताकर प्रस्तुत किया जा रहा है, जबकि वास्तव में वे गेट सिस्टम के तहत व्यवस्थित रूप से खड़े वाहन हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मार्ग पर यातायात नियंत्रित, सुरक्षित और सुचारु रूप से संचालित हो रहा है।

सौर पैनल

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बताया है कि इस महीने की 29 तारीख़ को देश में 15 हज़ार छतों पर सौर पैनल लगाए गए। यह पीएम सूर्यघर–मुफ्त बिजली योजना के तहत किसी एक दिन में सौर पैनल स्थापित करने का रिकार्ड है। सबसे अधिक पैनल महाराष्ट्र में लगाए गए और महाराष्ट्र, गुजरात के बाद देश का ऐसा दूसरा राज्य बन गया है जहां अब तक छह लाख से अधिक छतों पर सौर पैनल लगाए जा चुके हैं।

आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट के फाइनल में आज अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में वर्तमान चौम्पियन रॉयल चौलेन्जर्स बेंगलुरु का सामना गुजरात टाइटन्स से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।